# नगर निगम शिमला

नगर निगम शिमला की वर्ष 2021-22 की द्वितीय साधारण बैठक दिनांक 29.05.2021 को पूर्वाह्न 11:00 बजे महापौर कार्यालय कक्ष में Video Conferencing के माध्यम से हुई, के कार्यवृत ।

उपस्थितः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती सत्या कौण्डल | मा० महापौर-सभापति |
| 2. | श्री शैलेन्द्र चौहान | मा० उप-महापौर |
| 3. | श्री सुरेश भारद्वाज | मा० शहरी विकास मन्त्री (सह सदस्य) |
| 4. | श्रीमती तनुजा चौधरी | मा० पार्षद |
| 5. | श्री संजीव ठाकुर | मा० पार्षद |
| 6. | श्री सुनील धर | मा० पार्षद |
| 7. | श्रीमती कुसुम सदरेट | मा० पार्षद |
| 8 | श्रीमती शैली शर्मा | मा० पार्षद |
| 9. | श्री विवेक शर्मा | मा० पार्षद |
| 10. | श्री दिवाकर देव शर्मा | मा० पार्षद |
| 11. | श्रीमती किरन बावा | मा० पार्षद |
| 12. | श्री संजय परमार | मा० पार्षद |
| 13 | श्री आनंद कौशल | मा० पार्षद |
| 14. | श्रीमती सिमी नंदा | मा० पार्षद |
| 15. | श्री जगजीत सिंह बग्गा | मा० पार्षद |
| 16. | श्री बिट्टू कुमार | मा० पार्षद |
| 17. | श्रीमती सुषमा कुठियाला | मा० पार्षद |
| 18. | श्री इन्द्रजीत सिंह | मा० पार्षद |
| 19. | श्रीमती अर्चना धवन | मा० पार्षद |
| 20. | श्रीमती किमी सूद | मा० पार्षद |
| 21. | कु० आरती चौहान | मा० पार्षद |
| 22. | श्रीमती कमलेश मैहता | मा० पार्षद |
| 23. | श्रीमती शारदा चौहान | मा० पार्षद |
| 24. | श्रीमती रिटा ठाकुर | मा० पार्षद |
| 25. | श्रीमती मीरा शर्मा | मा० पार्षद |
| 26. | श्री कुलदीप ठाकुर | मा० पार्षद |
| 27. | श्री राकेश कुमार शर्मा | मा० पार्षद |
| 28. | श्री राकेश चौहान | मा० पार्षद |
| 29 | कु० विदूषी शर्मा | मा० पार्षद |
| 30. | श्रीमती रचना भारद्वाज | मा० पार्षद |
| 31. | श्रीमती रेनू चौहान | मा० पार्षद |
| 32. | श्रीमती आशा शर्मा | मा० पार्षद |
| 33. | कु० कुसुम लता ठाकुर | मा० पार्षद |
| 34. | श्री पूरन मल | मा० पार्षद |
| 35. | श्रीमती बृज सूद | मा० पार्षद |
| 36. | श्री दीपक शर्मा | मा० पार्षद(मनोनीत) |
| 37. | श्री जसविन्द्र सिंह | मा० पार्षद(मनोनीत) |
| 38. | श्री लेखराज कौण्डल | मा० पार्षद(मनोनीत) |
| 39. | श्री संजीव सूद | मा० पार्षद(मनोनीत) |
| 40. | श्री राजेन्द्र चौहान | मा० पार्षद(मनोनीत) |

श्री आशीष कोहली, आयुक्त, नगर निगम शिमला।

# 1. कार्यवृतों की पुष्टि

नगर निगम, शिमला की वर्ष 2021-22 की प्रथम साधारण बैठक जो दिनांक 30.04.2021 को Video Conferencing के माध्यम से (on line) बचत भवन में हुई, के कार्यवृतों की पुष्टि की गई तथा सभापति द्वारा इन्हे हस्ताक्षरित किया गया ।

आयुक्त,
नगर निगम शिमला ।

# MEMORANDUM FOR THE CONSIDERATION OF HON'BLE MC HOUSE

2 (1)

**Head of Deptt.:** Dr. Chetan Chauhan.
**Name of Deptt:** Health Deptt.

**Subject:** **Regarding Management of dead bodies of COVID-19 patients and last rites thereof.**

A meeting regarding management of dead bodies of COVID-19 patients and last rites thereof in district Shimla was held on dated 19.5.20 under the Chairmanship of District Magistrate Shimla. Accordingly the SOPs regarding "Management of dead bodies of COVID-19 patients and final rites in District Shimla (HP)" were formulated and issued by the District Magistrate of Shimla.

As per the SOP, the personnel from Municipal Corporation Shimla shall remain present till the completion of the cremation of the dead body. The four personnel (two from Hospital and two from cremation/burial ground) who are physically dealing with dead body will be incentivized @ Rs. 2,000/- per body by the Municipal Corporation, Shimla. A detailed memorandum in this regard was placed before the Hon'ble House of MC Shimla vide Resolution No 3(21) dated 27.05.20 and was approved by the Hon'ble House.

There is no mention in the SOP for handling the dead body whose death occurs at home. Recently, the death of late Sh. Surjeet Singh occurred at his residence as D.S. Lodge, Annadale, Shimla and our three workers namely Sh. Pramod, Sh. Vikas and Sh. Vicky had to be deployed to physically deal with the dead body by putting into the Dead Body Bag and carrying up to the crematorium at Kanlog in an ambulance. The retrospective approval for distributing an amount of Rs. 4,000/- equally among these three workers may be approved.

Further, as the number of death cases is increasing day by day, the number of COVID positive death cases of home isolated persons may also increase in future. It is thus proposed that in addition to earlier approved incentives for the four persons handling such COVID positive patients (two from Hospital and two from cremation/burial ground), additionally incentives for two persons @ Rs. 2,000/- each per body for handling such COVID positive patients whose death occurs at their home may be given. They shall sanitize, wrap and put the body in the dead body bag and transfer the same up to the crematorium at Kanlog in an ambulance.

In view of the above, the matter is placed for the information, consideration and approval please.

Commissioner,
MC Shimla

Corporation Health Officer,
MC Shimla

विचार-विमर्श उपरान्त सदन द्वारा उक्त विभागीय प्रस्तावना पर स्वीकृति प्रदान की गई।

— 107 —

# MEMORANDUM FOR CONSIDERATION OF HONBLE MC HOUSE

2(2)

**Name of Department : SEHB Society**
**HOD : Member Secy(SEHB)-cum-CHO**

As per the representations received from the hoteliers/ businessman regarding imposing of penalty in the bills of commercial establishments for Garbage User Charges, the surcharge/penalty was waived off vide resolution no 3(17) dated 29-12-2020 and also the consumers were allowed to pay the user charges in instalments.

Further, considering the recent surge in COVID-19 cases across the state, in order to contain the spread of COVID-19, directions were issued by the State Executive Committee(SEC) vide order No. Rev(DMC) (C) 20-2/2021-COVID 19-III dated 05-05-2021 regarding Corona Curfew w.e.f. 7th May,2021. Pursuant to these directions the Nigam Suvidha Kendra for offline service were closed due to which payments were restricted to online mode only.

Therefore, in order to avoid hardship to the consumers, it is proposed that initially the penalty/ surcharge on account of non-depositing Garbage User Charges may be waived off for the period of April ,2021 to June,2021.

Thus, the matter is placed before Hon'ble MC House for information and approval please.

**CEO(SEHB)-cum-Commissioner**
**Municipal Corporation**
**Shimla**

**Member Secy (SEHB)-cum-**
**Corporation Health Officer**
**MC Shimla**

उक्त मद पर चर्चा के दौरान श्री दिवाकर देव शर्मा, मा0 पार्षद ने कहा कि पिछले साल लॉकडाउन के दौरान कई करोबारी बन्द रहे उन्हें पानी व कूड़े के बिलों में छूट दिए जाने बारे मामला उठाया गया था परन्तु उस बारे कोई कार्यवाही नहीं हुई इस बारे भी कार्यवाही की जाए। श्री जसविन्द्र सिंह, मा0 पार्षद ने कहा कि मैं श्री दिवाकर देव शर्मा, मा0 पार्षद का समर्थन करता हूं कारोबारियों को बिलों में छूट मिलनी चाहिए। आयुक्त ने सदन को अवगत करवाया कि यह मामला पुनः सरकार को भेज दिया जाएगा।

विचार-विमर्श उपरान्त सदन द्वारा उक्त विभागीय प्रस्तावना पर स्वीकृति प्रदान की गई।

S/Cancel

# MEMORANDUM FOR THE CONSIDERATION OF HON'BLE MC HOUSE

2(3)

**Head of Deptt.**: Dr. Chetan Chauhan.
**Name of Deptt**: Health Deptt.

**Subject:** **Operation and Maintenance of the Bio-Gas Plant installed at STP Lalpani under EU funded Project.**

A 1.0 Tons/Day capacity Bio-Gas Plant with a total cost of Rs. 36.00 Lacs (including one year Operation and Maintenance) was installed under the European Union funded Project through M/s Green Bricks Eco Solutions, New Delhi after completing the Codal formalities. The period of the contract with the firm has been completed. Due to the COVID, the said Company has carried out the extended period operation & maintenance for eight months free of cost. The salary of the operator is also paid by the Company up to January, 2021.

Since, the Operation & Maintenance of Bio-Gas was continued beyond January, 2021 through the same operator, the matter was discussed in the Governing Body of the SEHB Society in its meeting held on 30.04.21 to engage the services of Mr. Bharat Bhushan as operator to operate the plant, since he has been the trained person for the same, else the plant operation may be handed over to Shimla Jal Prabandhan Nigam Limited (SJPNL). It was decided to place the matter before the Hon'ble MC House.

It is further mentioned here that earlier M/s Green Bricks Eco Solutions, New Delhi was charging @ Rs. 50,000/- per month as O&M charges which were included in the total cost of Rs. 36.00 Lacs. We may deploy Mr. Bharat Bhushan as operator @ Rs.12,000/- per month plus mandatory contribution of EPF&ESI etc. and his services may be engaged under SEHB Society with the approval to pay his salaries beyond January for the months of February and March for operating the plant. MC Shimla may continue to transport the Biodegradable waste at the plant site for further processing and other maintenance can be carried out from local market. This shall be an economical model to operate the plant further with minimum cost involvement. We may also release the security amount deducted from the payments of M/s Green Bricks Eco Solutions, New Delhi as their contract has been completed.

In view of the above, the matter is placed for the information, consideration and approval please.

Sd/-
**Commissioner,**
**MC Shimla**

Sd/- Chauhan
**Corporation Health Officer,**
**MC Shimla**

विचार-विमर्श उपरान्त सदन द्वारा उक्त विभागीय प्रस्तावना पर स्वीकृति प्रदान की गई।

Sd/-

## प्वाईट ऑफ ऑर्डर

5(1) श्री दिवाकर देव शर्मा, मा० पार्षद ने प्वाईट ऑफ ऑर्डर का मामला उठाते हुए कहा कि टुटू मझयाट में सीवरेज लाईन का कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है इस कार्य को समयबद्ध करवाया जाए। मा० महापौर सभापति ने AGM (SJPNL) को निर्देश दिए कि टुटू में सीवरेज का कार्य समयबद्ध करवाया जाए।

आयुक्त,
नगर निगम शिमला।

## चर्चा

चर्चा के दौरान आयुक्त महोदय ने सदन को अवगत करवाया कि कनलोग में cremation shed की capacity बढ़ाई गई। चार अतिरिक्त प्लेट फॉर्म बनाए गए है जिसका कार्य मा0 उप-महापौर द्वारा करवाया गया। राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण (State Disaster Management Authority) की तरफ से 50 लाख रू0 की अनुदान राशि भी मिली है। करोना कर्फ्यू के दौरान सफाई का कार्य अच्छी तरह से करवाया गया और सैनेटाईज के लिए टीम बनाई गई। Public Transport बन्द होने के कारण सफाई कर्मचारियों के लिए नगर निगम की गाड़ियां लगाई गई। इस दौरान सैहब के एक 32 वर्षिय सफाई कर्मचारी की मृत्यु भी हुई उसके परिवार को एक लाख का अनुदान दिया गया इसके अतिरिक्त पार्षदों व सभी के सहयोग से 70 हजार की राशि भी दी गई। निकट भविष्य में मृत्क की पत्नी को सैहब सोसायटी में जॉब दी जाएगी। सफाई कर्मचारियों की vaccination की गई। सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार कोई भी निर्माण कार्य बन्द नहीं हुए और माननीय शहरी विकास मन्त्री द्वारा इन कार्यो की Review meeting भी की गई। सन्जौली क्षेत्र में 24×7 पानी उपलब्ध करवाने व अन्य विकास कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। अम्रुत फण्ड से पानी व सीवरेज के कार्य करवाए जा रहे हैं। नगर निगम द्वारा टायरिंग के कार्य लगातार चलाए जा रहे हैं। सभी मा0 पार्षदों ने मास्क, किटों को बान्टने, सैनाटाईज करवाने व अन्य कार्यो में अपना-अपना पूर्ण सहयोग दिया है। आयुक्त महोदय ने कहा कि मैं माननीय शहरी विकास मन्त्री द्वारा किए जा रहे सहयोग के लिए उनका धन्यवाद करता हूं।

श्री विवेक शर्मा, मा0 पार्षद ने कहा कि मेरा इस माह का मानदेय मुख्य मन्त्री राहत कोष के लिए दिया जाए।

मा0 महापौर सभापति ने कहा कि मैं परम आदरणीय शहरी विकास मन्त्री जी का धन्यवाद करती हूं जिन्हों ने कनलोग में 8 cremation शैड़ बनाने की मंजूरी दिलवाई यह शैड़ मा0 उप-महापौर द्वारा स्वयूम खड़े हो कर बनवाए और प्रशासन ने भी पूर्ण सहयोग दिया। सैहब कर्मचारियों व सफाई कर्मचारियों को दो-दो हजार रू0 तीन महीने के लिए सरकार की ओर से प्रोत्साहन के रूप में दिलवाए गए। दाह संस्कार के लिए वन विभाग से निःशुल्क लकड़ी उपलब्ध करवाई गई। मा0 महापौर सभापति ने कहा कि मैं सभी मा0 पार्षदों का बहुत-बहुत धन्यवाद करती हूं। मा0 पार्षद अपने-अपने वार्डो में अच्छा कार्य कर रहे हैं जिसके वार्ड में भी कोई Positive मामला आता है वहां पर पार्षद द्वारा स्वयूम खड़े हो कर सैनाटाईजेशन (Sanitization) करवाया जाता हैं उनको दवाईयां घर में पहुंचाई जाती है। नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी भी अच्छा कार्य कर रहे हैं। जल प्रबन्धन निगम लि0 द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। मा0 महापौर सभापति ने कहा कि जब किसी व्यक्ति की शिमला में घर पर मृत्यू होती है और उनका दाहसंस्कार गांव में होता है तो इस स्थिति में नगर निगम द्वारा उनका मृत्यू प्रमाण पत्र नहीं बनाया जा सकता है और गांव में प्रधान व पंचायत सचिव मृत्यू प्रमाण पत्र देने के लिए मना करते हैं। इस लिए मैं मा0 शहरी विकास मन्त्री जी से आग्रह करती हूं कि इस सम्बन्ध में सरकार की ओर से पंचायत प्रधानों व पंचायत सचिवों को दिशा निर्देश जारी करने की कृपा करें।

श्री सुरेश भारद्वाज, मा0 शहरी विकास मन्त्री (सह सदस्य) ने कहा कि मा0 महापौर, मा0 उप-महापौर, सभी पार्षद, आयुक्त नगर निगम शिमला इनके सभी अधिकारीगण इस करोना काल में स्वस्थ हैं और मेरी कामना है कि आगे भी स्वस्थ रहें। IGMC बहुत बडा हस्पताल है जहां पर पूरे हिमाचल से लोग इलाज करवाने आते हैं जहां पर कुछ लोगों की मृत्यु भी हो रही है परन्तु अधिकांश लोग स्वस्थ हो रहे हैं। शिमला शहर में लोगों की मृत्यु दर बहुत कम है यहां पर समझदार लोग हैं जो अपनी प्रेरणा से बाहर नहीं निकल रहे है। लोग यहां पर कानून का पालन कर रहे हैं। सभी पार्षद अपने-अपने स्तर पर अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों की मदद कर रहे हैं और

अच्छा कार्य कर रहे हैं मैं इन्हें बधाई देता हूं। इस महामारी में मनुष्य का जीवन बचाना पहला कार्य है। सफाई कर्मचारी चाहे वह सैहब के हों या नगर निगम के, इस संकट की घड़ी में सभी अच्छी तरह से कार्य कर रहे हैं। शिमला में अधिक मात्रा में केस नहीं आए है जबकि गांव में अधिक मामले आ रहे हैं व असावधानियों के कारण मृत्यु हो रही है। IGMC में बैड़ों की संख्या बढा दी गई है अन्य राज्यों की तरह यहां नहीं हुआ है सभी को स्वास्थ्य सुविधा दी गई है। नीजि हस्पतालों में भी सुविधाऐं उपलब्ध करवाई जा रही है Military Hospital में भी 70 बैड़ों की सुविधा है जिसका आवश्यकता पड़ने पर इस्तेमाल किया जा सकता है। ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं है दो प्लांट मंजूर हुए हैं यह प्लांट IGMC व KNH में लगाए जाऐगे। श्री शैलेन्द्र चौहान, मा० उप-महापौर द्वारा स्वंयूम खड़े हो कर कनलोग में अतिरिक्त cremation शैड बनवाऐं हैं उसके लिए मा० शहरी विकास मन्त्री ने उनके इस प्रयास को सराहा। मा० शहरी विकास मन्त्री ने कहा कि cremation के लिए लकड़ी निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। कोरोना काल के दौरान जो शुल्क माफ किए जाने है उसका estimate बनाकर मामला सरकार को भेजा जाए। प्राथमिकता के आधार पर नगर निगम शिमला के कार्य किए जाएंगे।

बैठक के अन्त में मा० महापौर सभापति द्वारा श्री सुरेश भारद्वाज, मा० शहरी विकास मन्त्री का धन्यवाद किया गया।

आयुक्त,
नगर निगम शिमला।

Confirmed vide resolution No. ...1.........of Ordinary Meeting No. 3rd......... held on..28/6/2021

Chairman

मुख्य कार्यालय पत्र संख्या – 22बी — 112 —

# शिमला नगर निगम

नगर निगम प्रस्ताव नं० कार्यवृतों की पुष्टि साधारण बैठक नं० द्वितीय

तिथि 29-5-2021 को प्रतिलिपि ।

1. कार्यवृतों की पुष्टि

नगर निगम, शिमला की वर्ष 2021-22 की प्रथम साधारण बैठक जो दिनांक 30.04.2021 को Video Conferencing के माध्यम से (on line) बचत भवन में हुई, के कार्यवृतों की पुष्टि की गई तथा सभापति द्वारा इन्हे हस्ताक्षरित किया गया ।

आयुक्त,
नगर निगम शिमला ।

Additional Commissioner
Municipal Corporation
Shimla